Bharat Temples

भगवान तुम्हारे चरणो में जब प्यार किसी का हो जाए दो चार की फिर तो बात ही क्या संसार उसी का हो जाए Bhajans Bhakti Songs

भगवान तुम्हारे चरणो में जब प्यार किसी का हो जाए ।
दो चार की फिर तो बात ही क्या संसार उसी का हो जाए ।

प्रह्लाद तो छोटा बालक था, पर प्यार किया परमेश्वर से,
संसार का हो कर क्या लेना, इस बार उसी का हो जाए ।
भगवान तुम्हारे चरणो में...

शबरी ने कौन सा यज्ञ किया, गणिका ने कौन सा वेद पड़ा,
जिसमे छल कपट का लेश नहीं, करतार उसी का हो जाए ।
भगवान तुम्हारे चरणो में...

रावण ने राम से वैर किया, अब तक भी जलाया जाता है,
पर भगत विभीषण शरण पड़ा, घर बार उसी का हो जाए ।
भगवान तुम्हारे चरणो में...

माया के दीवाने शिक्षा लो, तुम प्रेम दीवानी मीरा से,

कर प्रेम प्यारे मोहन से, बेडा पार उसी का हो जाए ।

Source:
https://www.bharattemples.com/bhagwaan-tumhare-charno-me-jab-pyar-kisi-ka-ho-jaye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw